**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

## PUNJAB KESRI

### जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया

# छात्र अपनी योग्यता से छूते हैं बुलंदी

- कोरोना काल के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अभी तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपए का सालाना पैकेज हासिल किया



प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ कुलपति । (छाया: राकेश देव)

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए हालातों के बावजूद विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में कोरोना काल के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अभी तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपए का सालाना पैकेज हासिल किया है और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया।

इस बार 29.92 लाख सालाना उच्चतम पैकेज:विश्वविद्यालय की ओर से चलाये गए प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन द्वारा दो, मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपए से 29.92 लाख रुपए तक के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपए सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई। जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपए सालाना का पैकेज बरकरार रखा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है।

प्लेसमेंट, एलुमनी एवं कॉरपोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि महामारी के बावजूद प्लेसमेंट को लेकर कंपनियों का अच्छा रिस्पांस हैं। आईटी और कंप्यूटर के अलावा भी विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग के कोर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग भी शामिल हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां कैंपस से फ्रेशर्स की नियुक्ति कर रही हैं। अमेजॅन, सैमसंग आरएंडडी, एयरटेल और एडोब कुछ ऐसी प्रमुख कंपनियां हैं जो प्रतिवर्ष प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। आकर्षक सैलरी पैकेज के कारण अमेजॅन और सैमसंग आरएंडडी में विद्यार्थियों की पसंद सबसे ज्यादा रहती है। अमेजॅन लगातार 28 लाख रुपए से अधिक के पैकेज की पेशकश कर रही है। जबकि सैमसंग आरएंडडी में विद्यार्थियों को 10 से 14 लाख रुपए के बीच पैकेज मिल रहे हैं। इसके साथ-साथ सैमसंग आरएंडडी की दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में स्थित सभी इकाइयां प्लेसमेंट में हिस्सा ले रही हैं।

प्लेसमेंट रिकार्ड में आए सुधार पर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए सॉफ्ट स्किल तथा मॉक इंटरव्यू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


पंजाब केसरी Mon, 05 April 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/59577957

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

## THE PIONEER

# जेसी बोस विवि के विद्यार्थियों को मिला रहा बेहतरीन रोजगार

**अब तक प्लेसमेंट में हिस्सा ले चुकी हैं 225 कंपनियां, उच्चतम 29.92 लाख रुपये सालाना पैकेज दिया**



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी से उत्पन्न हुए हालातों के बावजूद विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में कोरोना काल दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अब तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज हासिल किया है और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय द्वारा चलाये गये प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन द्वारा दो, मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपये से 29.92 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपये सालाना का पैकेज बरकरार रखा है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकार्ड पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का कोरोना काल में भी बेहतर रोजगार दिलाने का दावा

फरीदाबाद, 04, अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल । कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए हालातों के बावजूद जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में बेहतरीन प्रदर्शन का दावा किया है। आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता का दावा है कि वर्ष 2020-21 में कोरोना काल दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अब तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज हासिल किया है और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया।



प्रवक्ता के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा चलाये गये प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन द्वारा दो, मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपये से 29.92 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसिज द्वारा की गई जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपये सालाना का पैकेज बरकरार रखा है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकार्ड पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी अपनी स्थापना से अब तक निरंतर विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय हमेशा से शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पसंद रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि प्लेसमेंट रिकार्ड में भी प्रतिवर्ष सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी आज पूरे विश्वभर में अपनी क्षमताओं की बदौलत प्रतिष्ठित कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे है, जिमसें डेकिन इंडिया, अमेजन, सैमसंग तथा कई अन्य बहु-राष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं। प्लेसमेंट, एलुमनी एवं कॉरपोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि महामारी के बावजूद प्लेसमेंट को लेकर कंपनियों का अच्छा रिस्पांस हैं। आईटी और कंप्यूटर के अलावा भी विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग के कोर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, जिसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग भी शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस के छात्र को 29.92 लाख का पैकेज

संवाद न्यूज एजेंसी

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार मिल रहा है। कोरोना काल में विवि के छात्र ने अब तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज पा चुके हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में खुद को साबित किया है। प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम व बीएनवाई मेलन द्वारा दो,



जेसी बोस विवि में प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुलपति के साथ।

## कोरोना काल में उच्चतम पैकेज पर हो चुका है प्लेसमेंट

मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपये से 29.92 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई, जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपये सालाना का पैकेज दिया है। इस वर्ष अब तक विश्वविद्यालय सबसे ज्यादा ने सर्वाधिक 410 प्लेसमेंट करा चुका है।

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को मिला रोजगार

### अब तक प्लेसमेंट में हिस्सा ले चुकी है 225 कंपनियां

फरीदाबाद, 4 अप्रैल (पूजा शर्मा): कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए हालातों के बावजूद विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में कोरोना काल दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अब तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपए का सालाना पैकेज हासिल किया है और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय द्वारा चलाये गये प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन द्वारा दो, मीडियाडॉटनेट, स्काडस्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपए से 29.92 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपये सालाना का पैकेज बरकरार रखा है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकार्ड पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी अपनी स्थापना से अब तक निरंतर विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय हमेशा से शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पसंद रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि प्लेसमेंट रिकार्ड में भी प्रतिवर्ष सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी आज पूरे विश्वभर में अपनी क्षमताओं की बदौलत प्रतिष्ठित कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे है, जिमसें डेकिन इंडिया, अमेजन, सैमसंग तथा कई अन्य बहु-राष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं। प्लेसमेंट, एलुमनी एवं कॉरपोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि महामारी के बावजूद प्लेसमेंट को लेकर कंपनियों का अच्छा रिस्पांस हैं। आईटी और कंप्यूटर के अलावा भी विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग के कोर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, जिसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग भी शामिल हैं।



*प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

**HINDUSTAN**

# कैंपस प्लेसमेंट में 410 छात्रों को नौकरी मिली

**अवसर**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

कोरोना महामारी के बीच छात्रों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में कोरोना काल दौरान विश्वविद्यालय के 410 छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट के जरिए नौकरी मिली। वहीं, छात्रों ने अधिकतम 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज हासिल किया।

प्लेसमेंट अभियान में 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें सैमसंग आरएंडडी दिल्ली ने 11, अमेजन ने छह, एयरटेल ने चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन ने दो, मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो ने एक-एक छात्र का चयन कर 10 लाख रुपये से 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज दिया। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज की ओर से की गई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है।

कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के छात्रों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान मिलती है।

## तीन क्षेत्रों में छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

प्लेसमेंट, एलुमनी एवं कॉरपोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि महामारी के बावजूद प्लेसमेंट को लेकर कंपनियों का अच्छा रिस्पांस मिला है। आईटी और कंप्यूटर के अलावा भी विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग के कोर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, जिसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग भी शामिल हैं।

## उच्चतम पैकेज बढ़कर 30 लाख तक पहुंचा

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों के लिए सॉफ्ट स्किल तथा मॉक इंटरव्यू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष अब तक विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा 410 प्लेसमेंट दर्ज हुई है, जबकि वर्ष 2019-20 में यह 402 थी। वहीं उच्चतम पैकेज भी 28.75 लाख रुपये से बढ़कर 29.92 लाख रुपये हो गया है। औसतन पैकेज जोकि वर्ष 2019-20 में 3.78 था, यह औसत बढ़कर लगभग चार लाख रुपये पहुंच गई है।

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

## DAINIK BHASKAR

### कोरोना महामारी के बावजूद मिला बेहतर रोजगार

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट में हिस्सा ले चुकी हैं 225 कंपनियां

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए हालातों के बावजूद विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2020-21 में कोरोना काल के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अभी तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपए का सालाना पैकेज हासिल किया है और विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में रिकार्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की ओर से चलाये गए प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग आरएंडडी दिल्ली द्वारा 11, अमेजन द्वारा छह, एयरटेल द्वारा चार, एडोब सिस्टम तथा बीएनवाई मेलन द्वारा दो, मीडियाडॉटनेट, स्क्वाड स्टैक और पालो ऑल्टो द्वारा एक-एक छात्र का चयन 10 लाख रुपए से 29.92 लाख रुपए तक के सालाना पैकेज पर किया है। इस बार 29.92 लाख रुपए सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई। जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपए सालाना का पैकेज बरकरार रखा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 05.04.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# 410 स्टूडेंट्स को मिला रोजगार

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** छात्रों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। साल 2020-21 में कोरोना काल के दौरान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अब तक का उच्चतम 29.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज हासिल किया है। यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट अभियान में रिकॉर्ड 225 कंपनियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी की तरफ से चलाए गए प्लेसमेंट अभियान में बड़ी-बड़ी कंपनियों में छात्रों का 10 लाख रुपये से लेकर 29.92 लाख रुपये के सालाना पैकेज मिला है। इस बार 29.92 लाख रुपये सालाना के उच्चतम पैकेज की पेशकश मीडियाडॉटनेट सॉफ्टवेयर सर्विसेज द्वारा की गई जबकि अमेजन ने 28.75 लाख रुपये सालाना का पैकेज बरकरार रखा है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद यूनिवर्सिटी ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। आईटी व कंप्यूटर के अलावा भी यूनि यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों के लिए सॉफ्ट स्किल व मॉक इंटरव्यू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष अब तक यूनिवर्सिटी ने सर्वाधिक 410 प्लेसमेंट दर्ज हुई है, जबकि साल 2019-20 में यह 402 थी।